# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

*ई मेल : academic@durguniversity.ac.in  वेब साइट : www.durguniversity.ac.in  दूरभाष : 0788-2359400*


क्र. 3709 / अका. / 2021 दुर्ग, दिनांक : 14.04.2021

विश्वविद्यालय माननीय कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 09.04.2021 समय दोपहर 02:30 बजे ऑनलाईन माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :

**डॉ. अरूणा पल्टा, कुलपति – अध्यक्ष**

1. श्री विद्यारतन भसीन – सदस्य
2. श्री आशीष कुमार छाबड़ा – सदस्य
3. श्रीमती ममता चंद्राकर – सदस्य
4. डॉ. अनुपमा अस्थाना – सदस्य
5. डॉ. रंजना श्रीवास्तव – सदस्य
6. डॉ. डी. लक्ष्मी – सदस्य
7. डॉ. हंसा शुक्ला – सदस्य
8. डॉ. रक्षा सिंह – सदस्य
9. श्री सुशील गजभिये – सदस्य
10. डॉ. संजीव पराशर – सदस्य
11. डॉ. शरद पाटणकर – सदस्य
12. सुश्री रूही अग्रवाल – सदस्य
13. पद्मश्री फूलबासन बाई यादव – सदस्य

**डॉ. सी. एल. देवांगन, कुलसचिव – सचिव**

**माननीय कार्यपरिषद की दिनांक 09.04.2021 की बैठक का कार्यवाही विवरण :–**

**विषय क्रमांक 01.**

माननीय कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 10 / 11 / 2020 में लिए गये निर्णयों की पुष्टि करना।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 10 / 11 / 2020 में लिए गये निर्णयों की पुष्टि की गई।

**विषय क्रमांक 02.**

माननीय कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 10 / 11 / 2020 में लिए गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद की नियमित बैठक दिनांक 10 / 11 / 2020 में लिए गये निर्णयों के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया।

**विषय क्रमांक 03.**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26 / 03 / 2021 में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन करना।

**निर्णय**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 26/03/2021 में लिए गये निर्णयों का अनुमोदन किया गया।

**<u>अकादमिक विभाग से संबंधित प्रस्तावः–</u>**

**विषय क्रमांक 04.**

विश्वविद्यालय परिनियम 30 के अनुसार गोल्ड मैडल प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विनियम के अनुमोदन पर विचार करना

**Regulation No. - DU-41**

Under Section 24(xxxi) University Act.1973

(Approved by E.C. On ....................)

**<u>Major V.S. Rajput Memory Gold Medal</u>**

| | |
|---|---|
| Donor | Smt. Vimlesh Bhadauria,<br>B/14, Shriram Nagar, Phase-I, Near TV Tower,<br>Raipur (C.G.)<br>Mobile No. - 8085848470 |
| Value of Endowment | Rs. 60000.00 (Rs. Sixty Thousand Only) |
| Award | One Gold Medal |

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने हेतु उक्त विनियम का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 05.**

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, जिला–दुर्ग (छ.ग.) एवं शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की स्वशासी योजना की निरंतरता अवधि बढ़ाने के अनुमोदन पर विचार करना (संक्षेपिका संलग्न)।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा उक्त महाविद्यालयों की स्वशासी योजना की निरंतरता अवधि बढ़ाने का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 06.**

सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, गौरवपथ, जिला–दुर्ग के सहायक प्राध्यापक डॉ. एन. के. वैष्णव (निलंबित) के विरूद्ध शासी निकाय द्वारा लिये गये निर्णय के अनुमोदन पर विचार करना साथ ही सहायक प्राध्यापक डॉ. एन. के. वैष्णव के द्वारा प्रस्तुत अपील पर विचार करना (संक्षेपिका संलग्न)।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा सहायक प्राध्यापक डॉ. एन. के. वैष्णव (निलंबित) के संबंध में सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग के शासी निकाय द्वारा लिए गए निर्णय के परिपेक्ष्य में जांच समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन एवं निष्कर्ष का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया साथ ही डॉ. एन. के. वैष्णव द्वारा प्रस्तुत अपील पर विचार करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का अवलोकन किया गया।

उक्त के संबंध में सभी उपस्थित सदस्यों के मध्य विचार–विमर्श व चर्चा हुई तत्पश्चात सर्व सहमति से डॉ. एन. के. वैष्णव के संबंध में सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग के शासी निकाय की बैठक दिनांक 31.12.2020 में लिये गये निर्णय का अनुमोदन किया गया।

## विकास विभाग से संबंधित प्रस्तावः–

### विषय क्रमांक 07.

विश्वविद्यालय की सत्र 2019–20 की परीक्षा हेतु मुद्रित कराये गये पूरक उत्तरपुस्तिका मुद्रण की देयक राशि रू. 6,26,934.00 छ.ग. संवाद, रायपुर को भुगतान स्वीकृति के संबंध में विचार करना।

### निर्णय

माननीय कार्यपरिषद द्वारा छ.ग. संवाद, रायपुर को पूरक उत्तरपुस्तिका मुद्रण की देयक राशि **रू. 6,26,934.00 (छः लाख छब्बीस हजार नौ सौ चौतीस रू. मात्र)** के भुगतान किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

## स्थापना विभाग से संबंधित प्रस्तावः–

### विषय क्रमांक 08.

सेवानिवृत्त कर्मचारी श्री एच.एस. बघेल की प्रतिमाह रू. 12,500 के निश्चित मानदेय पर तीन माह हेतु नियुक्ति की सूचना ग्रहण करना।

### निर्णय

माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई एवं उक्त कर्मचारी के निश्चित मानदेय को बढ़ाकर प्रतिमाह रू. 13,000 किये जाने का अनुमोदन किया गया।

## छात्र कल्याण विभाग से संबंधित प्रस्तावः–

### विषय क्रमांक 09.

सत्र 2020–21 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित महाविद्यालय के शोध केन्द्रों का विशेषज्ञ समिति द्वारा भौतिक निरीक्षण के पश्चात निम्न विषयों हेतु मान्यता प्राप्त शोध केन्द्र घोषित किया जाता है–

| | महाविद्यालय का नाम एवं पता | शोध केन्द्र की मान्यता हेतु आवेदित विषय | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय जिला–राजनांदगॉव (छ.ग.) | मनोविज्ञान | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |
| 2 | शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, जिला–राजनांदगॉव (छ.ग.) | इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी भूगोल, अंग्रेजी | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | शासकीय दानवीर तुलाराम, उतई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) | हिन्दी | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |
| 4 | शासकीय चन्दूलाल चंद्राकर धमधा, जिला–दुर्ग | वाणिज्य | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |
| 5 | श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई, जिला–दुर्ग | शिक्षा<br>वाणिज्य | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |
| 6 | स्वामी श्री स्वरूपानंद महाविद्यालय, आमदी नगर हुडको भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) | शिक्षा | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |
| 7 | सेंट थॉमस महाविद्यालय, रूआबांधा भिलाई, जिला–दुर्ग | बायोटेक्नोलॉजी<br>रसायन शास्त्र | निरीक्षण समिति एवं शोध उपाधि समिति (RDC) द्वारा अनुशंसा की गई है। |

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार अनुमोदन कर सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 10.**

हेमचंद यादव वि.वि. दुर्ग के कुलगीत हेतु आयोजित खुली स्पर्धा में प्राप्त 30 प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ कुलगीत का चयन माननीय कुलपति की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय चयन समिति द्वारा लिया गया। श्री रामचंद्र देवांगन, सेवानिवृत्त भारतीय वायुसेना, निवासी–दुर्ग की प्रविष्टि सर्वश्रेष्ठ कुलगीत के रूप में चयनित की गई। इस चयनित कुलगीत का छत्तीसगढ़ की राज्यपाल महामहिम अनुसुईया उइके जी ने 05 अप्रैल को ऑनलाईन रूप से विमोचन किया। माननीय कार्यपरिषद को सूचनार्थ ।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

<u>**वित्त विभाग से संबंधित प्रस्तावः–**</u>

**विषय क्रमांक 11.**

विश्वविद्यालय का वित्तीय वर्ष 2021–22 के वार्षिक बजट वित समिति के अनुमोदन पश्चात कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 12.**

विश्वविद्यालय को विभिन्न मदों में उपलब्ध राशि को संबंधित बैंक में सावधि जमा में निवेश करने हेतु कार्यपरिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक 13.**

विश्वविद्यालय के विभिन्न मद से एक वर्ष अवधि के लिए नवीन सावधि जमा संबंधी सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 14.**

परीक्षा मद से स्थापना मद में राशि रू. 50.00 लाख स्थानांतरण करने जमा संबंधी सूचना ग्रहण करना।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 15.**

विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर/प्रायोगिक परीक्षा 2020 संचालन हेतु महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों को प्रदाय परीक्षा अग्रिम राशि के सूचनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

**विषय क्रमांक 16.**

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय**

**विषय क्रमांक 01.**

विश्वविद्यालय की सत्र 2019–20 की परीक्षा पूर्व कार्य संपादन की 3 देयकों की कुल योग राशि रू. 31,49,956/– में से पूर्व में रू. 14,36,359/– कि भुगतान उपरांत शेष बचत राशि रू. 17,13,597/– अनुबंधित फर्म मे. लर्निंग स्पायरल प्रा. लि., कोलकाता को भुगतान स्वीकृति के संबंध में विचारार्थ प्रस्तुत है।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा अनुबंधित फर्म मे. लर्निंग स्पायरल प्रा. लि., कोलकाता की शेष बचत राशि **रू. 17,13,597/– (सत्रह लाख तेरह हजार पांच सौ संतानवे रू. मात्र)** के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक 02.**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के माननीय सदस्य श्री आशीष कुमार छाबड़ा जी (माननीय विधायक) द्वारा शासकीय जे. एल. एन. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा में एम. एस–सी. (प्राणीशास्त्र) विषय प्रारंभ किये जाने का प्रस्ताव रखा गया।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा उक्त नवीन विषय प्रारंभ करने हेतु महाविद्यालय के माध्यम से प्रस्ताव छ. ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग को प्रेषित कर अनुमति प्राप्त करने एवं साथ ही इस प्रस्ताव के संबंध में माननीय कार्यपरिषद के निर्णय से अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छ. ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया गया।

**विषय क्रमांक 03.**

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद के माननीय सदस्य श्रीमती ममता चंद्राकर जी (माननीय विधायक) द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पाण्डातराई, जिला–कबीरधाम के हिन्दी प्राध्यापक श्री द्वारिका प्रसाद चंद्रवंशी के विरूद्ध छात्र/छात्राओं से प्राप्त शिकायत के आधार पर उचित कार्यवाही किये जाने का प्रस्ताव रखा गया।

**निर्णय**

माननीय कार्यपरिषद द्वारा उक्त महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री द्वारिका प्रसाद चंद्रवंशी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किए जाने की अनुशंसा की गई एवं साथ ही इस प्रस्ताव के संबंध में माननीय कार्यपरिषद के निर्णय से अवगत कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र/छात्राओं से प्राप्त शिकायतों को संलग्न कर छ. ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग को पत्र प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया गया।

**बैठक के अंत में कुलसचिव ने अध्यक्ष एवं उपस्थित समस्त सम्माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।**

**कुलपति**
(अध्यक्ष)

कुलसचिव
(सचिव)

पृ.क्र. 3710/अका./2021 दुर्ग, दिनांक : 14.04.2021

प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. समस्त सम्माननीय सदस्यों को।
3. समस्त विभागीय अधिकारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
4. कुलपति के निज सहायक एवं कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

कुलसचिव